सादर प्रकाशनार्थ

## उमड़ा जन सैलाव योग–दिवस को सफल बनाने,

गेवरा–दीपकाः 21.06.2016. अंतर्राष्ट्रीय योग के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन साधना भवन गेवरा–दीपका के सभागार में विषयः सम्पूर्ण स्वास्थ्य का आधार योग पर रखी गया। भ्राता लक्षमण चन्द्रा राष्ट्रीय सचिव भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के सपने साकार करने के लिये हम सब यहां एकत्रित हुए हैं, 127 देशों ने इसे मान्यता दी है। आज योग के महत्व को समझने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों को इसे अपनाना अति आवश्यक है, क्योंकि यह एक प्रदूषित क्षेत्र है, जिससे वे अनेक प्रकार की बीमारियों से बच सकें। यह बात सच है कि जिसने योग को अपनाया है, उसने रोग को भगाया है। बहन उमा भारती सराफ जिला अध्यक्ष भजपा भारतीय महिला मोर्चा कोरबा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का आज का यह प्रयास सराहनीय है। आज अपने ही परिवार में एक दूसरे की आप बीति सुनने और समझने का समय नहीं है। ऐसे समय में एक घर की चहर दीवारी से बाहर निकालकर इस कार्यक्रम ने हमें एक अवसर दिया है। एक सुन्दर से वातावरण में यहां मन को, शरीर को, आत्मा को, परमात्मा से जोड़ कर यह एहसास दिलाया है कि आप इस दुनिया में कुछ चन्द दिनों के लिये आये हैं और आपको वापिस वहीं जाना है। आप ये न भूलें कि आपको किसने भेजा है और किस उद्देश्य के लिये भेजा है। इसलिये श्रेष्ठ कर्म करके अपने जीवन को सफल बनाये। आज योग दिवस के माध्यम से हम वार्तालाप कर रहें हैं और एक दूसरे से जुड़न का प्रयास कर रहें। भ्राता सीताराम साहू अध्यक्ष गेवरा क्षेत्र बी एम एस ने कहा कि योग ही एक ऐसा माध्यम है जो जीवन को खुशनुमः और निरोग बनाता है। बहन ज्योति तिवारी महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को अपनाओ और योग को अपनी दिनचर्या में सनिहित कर लें। बहन उत्तरा कुम्भकार भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गेवरा दीपका ने कहा कि योग से ही नये समाज व संसार का निर्माण होगा। योग से शरीर का विकास होता है और राजयोग से मन बुद्धि का विकास होता है। भ्राता दादूलाल गबेल प्रदेश उपाध्यक्ष गबेल समाज ने कहा कि योग से मेरे जीवन में बहुत फायदे मिले हैं। योग के माध्यम से मुझे अनेक समस्याओं का हल मिला है। बहन रेनु तिवारी प्राचार्या आर.एन. पब्लिक स्कूल दीपका ने कहा कि मुझे दस वर्षों से नीन्द न आने की परेशानी थी लेकिन राजयोग के अभ्यास से मुझे बहुत लाभ मिला

है। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा राजयोग एक सहज मार्ग जो मानव को एक श्रेष्ठ मानव वा देव तुल्य बनाने का मार्ग है। भ्राता धरम तिवारी कार्य समिति सदस्य ने कहा कि स्वस्थ मन स्वस्थ तन में ही परमात्मा का निवास होता है। योग दिवस को शहर और गावों में पर्व की तरह मनाया जा रहा है यह हर्ष का विषय है। बहन सुभद्रा यादव जिला कार्यकारणी सदस्य,बहन गायत्री पाटनवार, भ्राता रामशंकर जायसवाल व्यापारी दीपिका, मलकीत प्रधान, तिलकधारी नायक, बहन कुसमा गबेल, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गहन शांति के लिये राजयोग ब्रह्माकुमारी परमेश्वरी ने कराया। मंच का संचालन ब्रह्माकुमार प्रकाश ने किया।

आर.एन. पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के डारेक्टर भ्राता के.पी.नाग ने बच्चों को विभिन्न योगाभ्यास कराया तथा योग शिक्षा पर प्रकाश डाला तथा ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने बच्चों को नशे से दूर रहने शिक्षा दी। बहन रेनु तिवारी प्राचार्या ने योग दिवस के महत्व पर प्रकास डाला।

मानवता की सेवा में,

ब्रह्माकुमारी रूक्मणी